श्री दीवान कृष्ण किशोर

सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज एवं शोध संस्थान

जगाधरी रोड, अम्बाला, हरियाणा - 133001.

[अधीन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार एवं संबद्ध केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली]

हिंदी दिवस प्रतिवेदन

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के आदेशानुसार और प्रबंध समिति के अध्यक्ष के सहयोग से महाविद्यालयीन आधुनिक विभाग कौशल विकास केंद्र द्वारा दिनांक - **10** सितंबर से **15** सितंबर तक षष्टदिवसीय राजभाषा हिंदी क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया एवं १५ सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में अध्यक्ष रहे प्राचार्य डॉ. विष्णु दत्त शर्मा जी, विशिष्ट अतिथि डॉ. श्यामनाथ झा जी एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक कुमार मिश्र जी ने इस सारस्वत अनुष्ठान में अपने उच्च विचारों एवं अभिव्यक्तियों से विद्यार्थियों के मनोबल में वृद्धि की। हिंदी भाषा के उद्गम और विकास पर रोशनी डालते हुए हिंदी दिवस के महत्व को स्पष्ट किया। वर्तमान समय में देश में हिंदी की स्थिति और परिस्थिति पर वृहद चर्चा की। महाविद्यालय के अन्य अध्यापकों डॉ. गगनदीप सिंह, डॉ. वीरेंदर प्रकाश, डॉ. मनीष भारद्वाज, डॉ. बुद्धिबल्लभ देवराड़ी एवं डॉ. वीरेंद्र शर्मा द्वारा इस कार्यक्रम के घोष वाक्य "विद्यार्थियों का, विद्यार्थियों के लिए तथा विद्यार्थियों द्वारा" को अपना समर्थन दिया तथा विद्यार्थियों की सहायता की।

सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के समय वैदिक एवं लौकिक मंत्रोच्चार के साथ हिंदी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मंचासीन विद्वतजन का महाविद्यालयीन प्राध्यापकों द्वारा स्वागत किया गया। प्राक् शास्त्री से लेकर आचार्य एवं पत्रोपाधि (डिप्लोमा) तक के विद्यार्थियों ने स्वरचित एवं अन्य कवियों / लेखकों की रचनाओं को मंच पर प्रस्तुत किया। उनके द्वारा काव्य प्रस्तुतियों, गाथाओं, भाषणों, जागरुकता संबंधी प्रस्तुतियों एवं हिंदी भाषा से संबंधित संचालकों की शायरियों ने इस कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



हिंदी सहायकाचार्य डॉ. मनोज कुमार दुबे ने हिंदी भाषा कौशल विकास हेतु आयोजित स्पर्धाओं (स्वरचित कविता लेखन दिनांक - 10 सितंबर,, स्वरचित कथा लेखन दिनांक 11 सितंबर एवं निबंध लेखन दिनांक 12 सितंबर) से संबंधित पुरस्कार की घोषणा की एवं मंचासीन विद्वतजनों द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। डॉ. नितिन कुमार द्वारा सूरदास के शृंगारिक पदों के गायन के साथ धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। संचालन से लेकर शांतिपाठ एवं राष्ट्रगान तक, साज - सज्जा से लेकर खानपान तक संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था का उत्तरदायित्व विद्यार्थियों द्वारा निभाया गया एवं विद्यार्थियों ने अपना पूरा सहयोग देकर इस कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की।

डॉ. मनोज कुमार दुबे
सहायकाचार्य हिंदी एवं आयोजक

डॉ. विष्णु दत्त शर्मा
प्राचार्य